दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 04 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 338

महत्वपूर्ण एवं खास

बेंगलुरु में फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार, एक की मौत 4 घायल

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां फ्लाईओवर से एक कार नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह करीब 3:45 बजे कार की एक बाइक से टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। ये कार तमिलनाडु की बताई जा रही है। पता चला है कि हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जबकि दो लोग बाइक पर थे। इस हादसे में सभी पांचों को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सिंगाजी महाराज का निर्माणाधीन मंदिर गिरा: मलबे में दबने से मजदूर की मौत, 4 घायल

खरगोन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खरगोन में भारी बारिश का कहर देखने को मिला है। यहां सिंगाजी महाराज का निर्माणाधीन मंदिर गिर गया। मंदिर की छत और दीवार गिरने से मजदूर दिनेश की मौत हो गई, जबकि चार अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना बिस्टान थाने के मोगरगांव की है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की निगरानी में सभी का इलाज जारी है। मजदूरों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

यमन के होदेदाह प्रांत में बाढ़ का कहर जारी, अब तक 95 लोगों की मौत

सना। यमन के होदेदाह प्रांत में एक महीने से भारी बारिश और बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। इस आपदा से अब तक 95 लोगों की मौत हो चुकी है और 34 अन्य घायल हैं। भारी बारिश और बाढ़ के कारण पूरे प्रांत में दर्जनों घर ढह गए हैं या बह गए हैं। हालांकि, कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई गई। दो सप्ताह पहले, होदेदाह में स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया था कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 45 लोग मारे गए और 12 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। पड़ोसी प्रांत अल-महवित में हूती टेलीविजन ने कहा कि मल्हान जिले में 20 लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है, जहां पिछले सप्ताह बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई, दर्जनों घर बह गए और जिले की सडक़ें कट गईं। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संघर्ष प्रभावित देश में बरसात के मौसम में दूषित जल और साफ-सफाई में कमी के कारण बीमारियों के फैलने की आशंका की चेतावनी दी है। यमन 2014 के अंत से गृहयुद्ध में फंसा हुआ है। वहां हूती समूह ने कई प्रांतों पर कब्जा कर लिया है। इस कारण यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को राजधानी सना से बाहर होना पड़ा था।

पाकिस्तान में बारिश के कहर से 293 लोगों की मौत, 564 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले दो महीनों में मानसून की बारिश से उत्पन्न दुर्घटनाओं में कुल 293 लोग मारे गए हैं और 564 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भारी बारिश ने कहर बरपाया हुआ है। प्राधिकरण ने बताया कि भारी बारिश के कारण देश भर में 19,572 घर, 39 पुल और कई स्कूल आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अलावा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक लगभग 1,077 मवेशी भी मारे गए हैं। अधिकांश क्षति और हताहतों की सूचना पूर्वी पंजाब प्रांत से मिली, जहां मूसलाधार बारिश के कारण 112 लोगों की जान चली गई और 302 अन्य घायल हो गए। वहीं, उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 88 लोगों की मौत हो गई और 129 घायल हो गए। एजेंसी ने कहा कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

एंटी रेप बिल पास, पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो 10 दिन में होगी फांसी

नई दिल्ली । आरएनएस

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा में विशेष सत्र के दूसरे दिन ममता सरकार में कानून मंत्री मोलॉय घटक ने एंटी रेप बिल पास कर दिया है। जिस अनुसार अब बंगाल में रेप के दोषी को 10 दिन में मौत की सजा और मामले की जांच 36 दिन में पूरी करनी होगी।

दोषी को फांसी की सजा कब होगी?

अगर रेप के दौरान विक्टिम की मौत हो जाती है या फिर वो कोमा में चली जाती है तो इस स्थिति में रेप के दोषी को फांसी की सजा दी जाए।

विधानसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि यह कानून तत्काल प्रभाव से लागू हो। इसे लागू करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हमें परिणाम चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है। हम आपका पूरा समर्थन करते हैं, हम मुख्यमंत्री के बयान को आराम से सुनेंगे, वह जो चाहें कह सकती हैं लेकिन आपको गारंटी देनी होगी कि यह बिल तुरंत लागू किया जाएगा।

एंटी रेप बिल के बारे में जानिए

इस बिल के भीतर रेप और हत्या करने वाले आपराधी के लिए फांसी की सजा का प्रावधान।

चार्जशीट दायर करने के 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का प्रावधान।

21 दिन में जांच पूरी करनी होगी।

अपराधी की मदद करने पर 5 साल की कैद की सजा का प्रावधान।

हर जिले के भीकर स्पेशल अपराजिता टास्क फोर्स बनाए जाने का प्रावधान।

रेप, एसिड, अटैक और छेड़छाड़ जैसे मामलों में ये टास्क फोर्स लेगी एक्शन।

रेप के साथ ही एसिड अटैक भी उतना ही गंभीर, इसके लिए आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान।

पीड़िता की पहचान उजागर करने

वालों के खिलाफ 3-5 साल की सजा का प्रावधान।

विधेयक में रेप की जांच और सुनवाई में तेजी लाने के लिए क्वहस्स् प्रावधानों में संशोधन शामिल।

सभी यौन अपराधों और एसिड अटैक की सुनवाई 30 दिनों में पूरी करने का प्रावधान।

बता दें कि अपराजिता विधेयक को पारित होने के लिए राज्यपाल, राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत होगी। विधानसभा में अपराजिता बिल पारित होने के बाद इसे हस्ताक्षर के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। इसके बाद इसे राष्ट्रपति से मंजूरी मिलना जरूरी है। 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस को 223 विधायकों का समर्थन है, इसीलिए इस बिल का पारित होना मुश्किल नहीं है। हालांकि बीजेपी विधायकों ने सोमवार को यह संकेत नहीं दिया था कि वह बिल का समर्थन करेंगे या वोटिंग के दौरान अनुपस्थित रहेंगे। हालांकि इस विधेयक को राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों की मंजूरी की जरूरत होगी।

कोलकाता कांड की जांच के बीच ऑडियो क्लिप हुआ वायरल, घोष और 'दीदी' का जिक्र

कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले की जांच के बीच एक ऑडियो क्लिप वायरल हो रहा है। इसे लेकर दावा किया गया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के 2 जूनियर डॉक्टर्स बातचीत कर रहे हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष के प्रभाव और पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ उनके संबंधों का जिक्र होता है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस ऑडियो की सत्यता को लेकर पुष्टि नहीं करता है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि वायरल क्लिप में एक आवाज संदीप घोष के सहयोगी डॉ. सारिफ हसन की है, जिससे सीबीआई पहले ही तीन बार पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि ऑडियो क्लिप में दूसरी आवाज डॉ. अनुभव साहा की है, जो घोष की मंडली के खिलाफ बताए जाते हैं। एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, साहा ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की घटना से महीनों पहले हसन के साथ उनकी बातचीत की यह कॉल रिकॉर्डिंग है। उन्होंने दावा किया, 'यह बातचीत तब हुई जब हसन ने सरकारी अस्पताल की एंटी-रैगिंग कमेटी और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई। उसने काफी शक्तिशाली लोगों का नाम लेकर मुझे धमकी दी। साथ ही, उसकी लॉबी में शामिल होने या फिर निलंबन जैसे नतीजे भुगतने के लिए कहा था।'

'मैंने सीबीआई को सब कुछ बता दिया'- हालांकि, सारिफ हसन ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा, 'यह ऑडियो क्लिप रढ़ढ से बनाया गया है। मैंने इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है। सीबीआई की ओर से पूरे मामले की जांच की जा रही है। मुझे भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इस केस को लेकर मैं जो कुछ भी कहना चाहता था, वो सब जांच एजेंसी को बता दिया है।' वायरल क्लिप में यह सुना जा सकता है कि घोष को 'दीदी' का संरक्षण मिला है, जो उसे इस्तीफा नहीं देने देती।

तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग, क्रू के एक सदस्य को बचाया; तीन लापता

पोरबंदर । आरएनएस

भारतीय तटरक्षक बल के एक हेलीकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग करानी पड़ी है। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार 4 लोगों में 3 लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। वहीं क्रू के 1 सदस्य को बचा लिया गया है।

भारतीय तटरक्षक बल ने एक बयान जारी कर बताया कि उनके उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) को सोमवार रात करीब 11 बजे भारतीय ध्वज वाले मोटर टैंकर हरि लीला पर सवार चालक दल के गंभीर रूप से घायल सदस्य को मदद देने के लिए समुद्र में उतारा गया था। यह कार्रवाई गुजरात के पोरबंदर तट से करीब 45 किलोमीटर दूर की गई। तटरक्षक बल ने बताया कि मोटर टैंकर हरि लीला के मालिक के अनुरोध पर यह कार्रवाई की गई थी। तटरक्षक बल के दल में चार लोग सवार थे। कथित तौर पर अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर को अरब सागर में ही आपात लैंडिंग करनी पड़ी।

हेलीकॉप्टर की समुद्र में आपात लैंडिंग की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। हेलीकॉप्टर जब मोटर टैंकर के पास पहुंचने ही वाला था, उसी वक्त किन्हीं कारणों से हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारना पड़ा। तटरक्षक बल ने हादसे का शिकार हुए हेलीकॉप्टर के लापता जवानों की खोज के लिए चार जहाज और दो विमानों को बचाव अभियान में लगाया है।

बाड़मेर में फाइटर जेट मिग-29 क्रैश, वायुसेना ने दिया कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश

बाड़मेर । आरएनएस

राजस्थान के बाड़मेर में सोमवार रात वायुसेना का फाइटर जेट मिग-29 क्रैश हो गया। मिग विमान हादसे को लेकर एयरफोर्स ने जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि बाड़मेर के कवास इलाके में सोमवार (2 सितंबर) रात 10 बजे के करीब वायुसेना का फाइटर जेट तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हो गया, लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा।

भारतीय वायुसेना ने एक्स पोस्ट में कहा, बाड़मेर सेक्टर में रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-29 में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण पायलट को विमान से बाहर निकलना पड़ा। पायलट सुरक्षित है और जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं।

गांव वालों ने बताया कि जमीन की ओर तेजी से बढ़ते फाइटर जेट को पायलट करीब 1500 लोगों की आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले गया। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां से महज तीन किमी की दूरी पर नागणा में क्रूड ऑयल की मंगला टर्मिनल प्रोसेस यूनिट भी है। मिग के खेत में गिरते ही जोरदार धमाका हुआ। इससे पहले फाइटर जेट में आसमान में ही आग लग गई थी।

वहीं, घटनास्थल से करीब 600 मीटर दूर रहने वाले ग्रामीण ने बताया कि हम खाना खाकर घर के बाहर बैठे थे। रात 10 बजे के करीब का वक्त था। अचानक तेज आवाज सुनाई दी। इसके 10 मिनट बाद दूर खेतों की तरफ धुआं उठता दिखा। हमने जलता विमान देखा, जब तक हम घटनास्थल पर पहुंचे तब तक एयरफोर्स की गाड़ी आ गई थी।

उन्होंने बताया कि धमाका इतना तेज था कि लगा कहीं बिजली गिरी है। रेत में गिरने के बाद भी प्लेन बहुत तेजी से जल रहा था। हमें पता नहीं कि पायलट कहां गिरे। एयरफोर्स के जवानों ने हमें मौके से 200 मीटर दूर जाने के लिए कहा। एयरफोर्स वालों ने बताया कि पायलट को एयरपोर्ट ले जाया गया है।

एयरफोर्स सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मिग का पायलट घटनास्थल से करीब 10 किमी दूर गिरा। पायलट को अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद उसे अधिकारी एयरपोर्ट स्टेशन ले गए।

रक्षा मंत्रालय ने 1.45 लाख करोड़ रुपए के 10 खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली । आरएनएस

केंद्र सरकार ने स्थानीय रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देते हुए मंगलवार को भारतीय सेना के टैंकों बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 1,44,716 करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति (एओएन) प्रदान की।

मंत्रालय ने बताया कि कुल लागत का 99 प्रतिशत हिस्सा 'खरीदें (भारतीय)' और 'खरीदें (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये, विकसित और निर्मित)' श्रेणियों के तहत स्वदेशी स्रोतों से है।

इस कदम से भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू वाहनों (एफआरसीवी), एयर कंट्रोल फायर डिफेंस रडार, डोर्नियर-228 विमान, फास्ट पेट्रोलिंग नौकाओं और तट से दूर पेट्रोलिंग के लिए जहाजों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एफआरसीवी भविष्य का एक मुख्य युद्धक टैंक होगा। इसमें बेहतर गतिशीलता, हर तरह के इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक फायर और वास्तविक समय की स्थिति के बारे में जानकारी होगी।

सरकार ने एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, जो हवाई लक्ष्यों का पता लगाएगा और उन्हें ट्रैक करेगा तथा फायरिंग समाधान प्रदान करेगा।

मंत्रालय ने कहा, फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) के लिए भी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें मशीनीकृत ऑपरेशन के दौरान इन-सीटू मरम्मत करने के लिए उपयुक्त क्रॉस-कंट्री मोबिलिटी है। यह उपकरण आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, और यह मशीनीकृत इन्फेंट्री बटालियन और आर्मर्ड रेजिमेंट दोनों के लिए अधिकृत है।

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तीन एओएन दिए गए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि डोर्नियर-228 विमान, खराब मौसम की स्थिति में उच्च परिचालन विशेषताओं वाले अगली पीढ़ी के तेज गश्ती पोत, और उन्नत प्रौद्योगिकी तथा ज्यादा लंबी दूरी के संचालन के साथ अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत के आईसीजी में शामिल होने से निगरानी, समुद्री क्षेत्र की गश्त, खोज और बचाव तथा आपदा राहत कार्यों को करने की बल की क्षमता बढ़ेगी।

रक्षा मंत्री ने आईसीजी के दिवंगत महानिदेशक राकेश पाल को भी सम्मानित किया, जो डीएसी के सदस्य भी थे। उनका 18 अगस्त को चेन्नई में दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया था।

दर्दनाक हादसा : ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरे वाहन को मारी टक्कर, 7 की मौत, 8 घायल

जींद (आरएनएस)। हरियाणा में एक बहुत की बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां जींद के नरवाना के पास एक ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 3 महिलाओं समेत 7 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार नरवाना के सिविल अस्पताल में किया जा रहा है, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

हादसा सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे हुआ, जब कुरुक्षेत्र के मर्छेदी गांव के 15 श्रद्धालु टाटा मैजिक में सवार होकर राजस्थान के गोगामेड़ी धाम पर पूजा करने जा रहे थे। बिरधाना गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टाटा मैजिक को टक्कर मार दी, जिससे मैजिक वाहन सडक़ से नीचे गड्ढों में पलट गया। टक्कर के बाद वाहन में सवार श्रद्धालु बुरी तरह फंस गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही नरवाना थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में 50 वर्षीय रुक्मणी, 35 वर्षीय कामिनी, 55 वर्षीय तेजपाल, 50 वर्षीय सुरेश, 50 वर्षीय परमजीत, और 50 वर्षीय मुक्ति शामिल हैं। एक मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का महाराष्ट्र दौरा, बुधवार को करेंगी उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन

लातूर (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को लातूर में होंगी। यहां वो उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और फिर महिला आनंद मेले समारोह का हिस्सा बनेंगी।

राष्ट्रपति अपनी यात्रा के पहले दिन कोल्हापुर के वरणानगर में श्री वरणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुईं। दूसरे दिन यानि आज (3 सितंबर) वह पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी।

इसके साथ ही वह मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगी। अपनी यात्रा के आखिरी दिन बुधवार को वह लातूर के उदगीर में बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और शासन अव्यान दारी और मुख्यमंत्री माझी लडक़ी बहन योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात करेंगी।

मुख्यमंत्री माझी लडक़ी बहन योजना को महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा 28 जून, 2024 को लॉन्च किया गया था। योजना का उद्देश्य राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता और सशक्तिकरण प्रदान करना है।

इस योजना को पूरे राज्य की महिलाओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक पूरे महाराष्ट्र से 2 करोड़ 40 लाख महिलाओं ने आवेदन किया है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार पहले ही दो किस्तों में लाभार्थियों को पैसे दे चुकी है। मुख्यमंत्री माझी लडक़ी बहन योजना के लिए महिलाओं के आवेदन की प्रक्रिया जारी है।

छत्रपति शिवाजी की मूर्ति गिरने के मामले में सिंधुदुर्ग के कलेक्टर को हटाया गया, पोस्ट का स्तर घटाया

मुंबई । आरएनएस

राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के बाद पूरे राज्य में आक्रोश की लहर है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग कलेक्टर का अचानक तबादला कर दिया है और इस पोस्ट को घटाकर गैर-आईएएस जूनियर प्रशासनिक स्तर श्रेणी का कर दिया है जिससे विभिन्न हलकों में लोग भौंचक हैं।

सिंधुदुर्ग के कलेक्टर किशोर एस. तावड़े को एक सामान्य पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी जगह हाफकिन बायो-फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल ए. पाटिल ने ली है।

यह आदेश उस घटना के ठीक एक सप्ताह बाद आया है, जब राजकोट किले के 10 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की 28 फीट ऊंची मूर्ति खराब मौसम के कारण गिर गई थी।

तावड़े पुणे स्थित महाराष्ट्र राज्य कृषि निगम लिमिटेड के नए प्रबंध निदेशक होंगे और पाटिल सिंधुदुर्ग के नए कलेक्टर होंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा सोमवार देर रात जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार, दोनों अधिकारियों तावड़े और पाटिल को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अपने नए कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

संवैधानिक विशेषज्ञ बैरिस्टर विनोद तिवारी ने आईएएनएस से कहा, सवाल यह है कि गोवा राज्य की सीमा से लगे एक प्रमुख तटीय जिले सिंधुदुर्ग के कलेक्टर जैसे प्रतिष्ठित पद को अचानक गैर-आईएएस जूनियर प्रशासनिक स्तर श्रेणी में डाउनग्रेड कर दिया गया।

तिवारी ने कहा कि सरकार के पास राज्य के सभी कलेक्ट्रेटों में से 10 प्रतिशत के लिए ऐसा करने का अधिकार है, लेकिन इस संवेदनशील मोड़ पर जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, सिंधुदुर्ग में कदम उठाने के पीछे की मंशा स्पष्ट नहीं है।

उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने की घटना से जनता में भारी आक्रोश और राजनीतिक हंगामा मच गया था। इसका असर महायुति सरकार पर भी पड़ सकता है, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य भर में आक्रामक विरोध-प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस त्रासदी के लिए माफी मांगी।